आर्द्रभूमि

अंजु चौधरी
राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान रुड़की।

आर्द्रभूमि है वह भूमि जो रहती जल से ढकी
रखती उर में कुछ मीठा कुछ खारा जल
तालाब झील नदी का डेल्टा
दलदली भूमि हो या सागर का किनारा
दलदल पंकभूमि, पीट भूमि हो या जलमग्न क्षेत्र
प्राकृतिक हो या कृत्रिम हो, स्थाई या अस्थाई
जल खड़ा हो या इनमें हो बहता
ताजा खारा हो या नमकीन
चाहे हो ये समुद्री जल से लीन
चार रूप भारत में इसके
हिमालयी आर्द्रभूमि हो या गंगा के मैदान
तटीय क्षेत्र हो या रेगिस्तान
कभी झील का किनारा बनता इसका आसरा
कभी तालाब देता है इसको सहारा
समुद्र के किनारे बनते जिसके सहारे
नदी के मुहाने पर बने डेल्टा
नदी बेसिन की निचली भूमि
आती जहां बाढ़ बारम्बार
करती आकर आर्द्रभूमि निर्माण
इस भूमंडल का सबसे उत्पादक निवास
हो रहा जिनका धीरे–धीरे विनाश
बस यही है इसके लिए चिंता की बात
ये घर हैं पशु पक्षी के
जलचर करते इनमें विश्राम
होती उत्तम यहां धान की खेती
ये कड़ी है पारिस्थितिकी तंत्र की
लाभान्वित करती मानवता को
जल का कर छनन पीने योग्य बनाती
तूफानों से संरक्षण करती
जल को कर अवशोषित
प्रवाह की गति को कम करती
बाढ़ नियंत्रण कर जीवन बचाती
इसके आँचल में क्रीडा हेतु
मानव बनाते मनोरंजन स्थल
ठोस पदार्थ को कर विभाजित
करती जल को जीवाणु रहित
गंधक हो या भारी धातु
मिट्टी में इसकी रूक जाते हैं
घुलनशील नाइट्रोजन बन
गैस रूप उड़ जाते हैं

जल उपचारण का खर्च बचाती
सतही जल को उपचारित कर
भू–जल का भंडारण करती
जल इकाइयों को पोषित करती
इरान देश में है एक सुन्दर शहर
नाम है जिसका रामसर
दो फरवरी सन उन्नीस सौ इकहत्तर
अंतर्राष्ट्रीय संधि पर हुए हस्ताक्षर
इक्कीस दिसंबर उन्नीस सौ पचहत्तर
हुआ प्रभावी जब समझौता
इस लिए प्रतिवर्ष दो फरवरी को
आर्द्रभूमि दिवस मनाया है जाता
रामसर समझौते ने दिया संरक्षण इनको
अंतर्राष्ट्रीय संधि से मिला प्रबंधन इनको
वर्ष दो हजार बारह तेरह हुआ लागू
राष्ट्रीय आर्द्रभूमि संरक्षण कार्यक्रम
हुए सुरक्षित जिससे छियालीस रामसर स्थल
चिल्का लोकतर वुलर हरिके सांभर कजली
कोलेरू दीपोर पोंग मोरिरी अष्टमुडी सस्थमकोट्टा
सुरिसर मानसर रूद्रसागर नालसरोवर सरसी काबर लोनार
कीथम सब हैं आर्द्रभूमि स्थलों के नाम
आओ सब मिल करें संवर्धन इनका
होगी संरक्षित वैश्विक जैव विविधता
मिले आसरा इनको जालाशयों का
साधन बनेगा फिर ये आजीविका पालन का